दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-68
मुरादाबाद
28 June 2024
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राष्ट्रपति ने आपातकाल को बताया संविधान का काला अध्याय, अभिभाषण में सरकार का रोडमैप भी बताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है। नई लोकसभा का पहला सत्र गत सोमवार को शुरू हुआ था। इसके अलावा राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि मैं 18वीं लोक सभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बहुत-

बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आप सभी यहां देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर आए हैं। देशसेवा और जनसेवा का ये सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे।अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं।25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है। मेरी सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। हमारे जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया गया है, जहां अनुच्छेद 370 के कारण स्थिति अलग थी।उन्होंने कहा कि मैं 18वीं लोक सभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आप सभी यहां देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर आए हैं। देशसेवा और जनसेवा का ये सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है। इस बार भी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया है। इस चुनाव की बहुत सुखद तस्वीर जम्मू-कश्मीर से भी सामने आई है। कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं।लोकसभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही हैं कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। छह दशक बाद ऐसा हुआ है। ऐसे समय में जब भारत के लोगों की आकांक्षाएं सर्वोच्च स्तर पर हैं, लोगों ने मेरी सरकार पर लगातार तीसरी बार भरोसा जताया है। राज्य के विकास से देश का विकास- उन्होंने कहा कि मेरी सरकार का मत है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। यही कंपटीटिव को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है। राज्य के विकास से देश का विकास, इसी भावना के साथ हम आगे बढ़ते रहेंगे। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था- उन्होंने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है। साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है। विनिर्माण, सेवाएं और कृषि को बराबर महत्व- उन्होंने कहा कि मेरी सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों विनिर्माण, सेवाएं और कृषि को बराबर महत्व दे रही है।

पीएलआई योजना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पारंपरिक सेक्टर्स के साथ-साथ सनराइज सेक्टर्स को भी मिशन मोड पर बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि दी जा चुकी है। मेरी सरकार के नए कार्यकाल के शुरूआती दिनों में ही किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए रूख में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि आजकल ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर दुनिया में डिमांड तेजी से बढ़ रही है। भारत के किसानों के पास इस डिमांड को पूरा करने की भरपूर क्षमता है। इसलिए सरकार प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की सप्लाई चेन को सशक्त कर रही है। ऐसे प्रयासों से किसानों का खेती पर होने वाला खर्च भी कम होगा और उनकी आय भी और बढ़ेगी। भारत दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है राष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत, दुनिया की चुनौतियां बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है। विश्व-बंधु के तौर पर भारत ने अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान को लेकर पहल की है। जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक, पोषण से लेकर सस्टेनबल एग्रीकल्चर तक हम अनेक समाधान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय हरित युग का है। मेरी सरकार इसके लिए भी हर जरूरी कदम उठा रही है। हम हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे हरित जॉब भी बढ़े हैं।

हरित ऊर्जा हो या फिर ग्रीन मोबिलिटी, हर मोर्चे पर हम बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं। भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट है। अप्रैल 2014 में भारत में सिर्फ 209 एयरलाइन रूट्स थे। अप्रैल 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 605 हो गई है। हवाई यात्रा में हो रहे इस विस्तार का सीधा लाभ टीयर-2, टीयर-3 शहरों को हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ये कैसी मां: तीन बेटों को नहर में डुबोया, दो की मौत... एक की तलाश जारी; चौथा बचकर भागा

औरैया जिले में फफूंद थाना क्षेत्र के गांव ताल्हेपुर में एक महिला देवर से लड़ाई के बाद अपने चार छोटे-छोटे बच्चों को नहर पर लेकर पहुंची। यहां दो बच्चों को नहर के पानी में डुबोकर मार दिया, जबकि अभी एक बच्चे की पुलिस नहर में तलाश कर रही है। फफूंद थाना क्षेत्र में देवर से झगड़े के बाद कलयुगी मां ने तीन बेटों की नहर में डुबो दिया। जिसमें दो की मौत हो गई और तीसरे की तलाश जारी है। पुलिस ने हत्यारोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है।वहीं, मां के कहर को देख चौथा बच्चा मौके से बचकर भाग गया। इससे उसकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो बच्चों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। उधर, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर बवाल करने का प्रयास किया।यहां पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाकर शांत कराया। पुलिस ने हत्यारोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर अभी तनाव की स्थिति बनी हुई है। गोताखोरों की मदद से एक बच्चे की तलाश की जा रही है। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने लिखा राष्ट्रपति जी ने संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए तरक्की और सुशासन का रोडमैप पेश किया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण की तारीफ करते हुए कहा कि उनके संबोधन में देश की तरक्की और सुशासन को रोडमैप पेश किया गया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा कि राष्ट्रपति के संबोधन में भारत की उन उपलब्धियों का भी जिक्र किया गया, जो भारत ने हासिल की हैं, साथ ही भारत की क्षमताओं का भी जिक्र किया गया। प्रधानमंत्री ने लिखा राष्ट्रपति जी ने संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए तरक्की और सुशासन का रोडमैप पेश किया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रपति ने एकजुटता और देश को आगे ले जाने का संदेश दिया ताकि हम देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बना सकें। विशेष मौके पर यह बहुत ही अच्छा और सकारात्मक संदेश था। हमारे लोकतांत्रिक संस्थान मजबूत हैं और हम उन पर गर्व कर सकते हैं। हमारा उनमें पूरा विश्वास है।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में लोकसभा चुनाव, आर्थिक विकास, सुरक्षा आदि मुद्दे का जिक्र किया और देश की उपलब्धियों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने देश को विश्वास दिलाया कि आगामी बजट में बड़े आर्थिक फैसले लिए जाएंगे। साथ ही सरकार आने वाले दिनों में कई अहम फैसले लेगी। नए आपराधिक कानूनों पर बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू- नए आपराधिक कानूनों पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानून दंड नहीं, बल्कि न्याय प्रदान करेंगे। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की पहली संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 न्यायिक प्रक्रिया को गति देंगे। पिछले साल बनाए गए ये कानून क्रमशः ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। उन्होंने कहा, एक जुलाई से देश में भारतीय न्याय संहिता लागू हो जाएगी। ब्रिटिश शासन के दौरान प्रजा को दंडित करने की मानसिकता थी। दुर्भाग्य से, औपनिवेशिक काल की वही दंड व्यवस्था स्वतंत्रता के बाद भी कई दशकों तक जारी रही।% राष्ट्रपति ने कहा कि आपराधिक कानूनों को बदलने के बारे में कई दशकों से चर्चा हो रही थी, लेकिन इस सरकार ने इसे करने का साहस दिखाया है।

## उद्धव ने किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की; कांग्रेस ने दो नेताओं को किया निलंबित

उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार से मांग की कि इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले किसानों का कर्ज को पूरी तरह से माफ किया जाए और इसे लागू किया जाए। महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर सियासी हलचल जारी है। इस बीच, कांग्रेस ने जहां अपने दो नेताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया। वहीं उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) वाली शिवसेना ने कृषि ऋण को पूरी तरह से माफ करने की मांग की है।छह साल के लिए पार्टी से निलंबित- महाराष्ट्र कांग्रेस ने विजय देवताले और असावरी देवताले को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किया। दोनों चंद्रपुर जिले के नेता हैं और लोकसभा चुनाव में कथित तौर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।किसानों का कर्ज को पूरी तरह से माफ हो- ठाकरे- वहीं, उद्धव बालासाहेब ठाकरे वाली शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार से मांग की कि इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले

किसानों का कर्ज को पूरी तरह से माफ किया जाए और इसे लागू किया जाए। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने गुरुवार को शुरू हुए राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का विदाई सत्र बताया। उन्होंने कहा कि तुरंत पूरी तरह किसानों का कर्ज माफ किया जाना चाहिए और इसे राज्य चुनावों से पहले लागू किया जाना चाहिए। नीट को लेकर भड़का गुस्सा- राज्य सरकार शुक्रवार को अपना बजट पेश करेगी। वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के पहले दिन विपक्ष ने किसानों और नीट के मुद्दों पर विधान भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। नीट परीक्षा और अयोध्या राम मंदिर में पानी लीक की खबरों पर ठाकरे ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों सरकारें लीकेज सरकार हैं। शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरचंद्र पवार वाली एनसीपी के महा विकास आघाड़ी (एमवीए) से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने किसानों और नीट परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा मई में आयोजित नीट में अनियमितताओं के कई आरोप लगाए गए हैं। इसी को लेकर राज्य विधानमंडल परिसर की सीढ़ियों पर बैठे विपक्षी सदस्यों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए। नार्वेकर ने सात विधायकों के इस्तीफे की घोषणा की- महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य चुने गए सात विधायकों के इस्तीफे की घोषणा की। चुनाव से पहले विधायक के रूप में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन वह हार गए थे। विधानसभा ने मीनाक्षी पाटिल, पांडुरंग पाटिल, प्रतापराव भोसले, गंगाधर गाडे, त्र्यंबक कांबले, डोमिनिक गोंजाल्विस और दगडू गलांडे को भी श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया था।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी की मुलाकात, सदन में इमरजेंसी पर बयानबाजियों पर जताई नाराजगी

राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष के सामने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में इमरजेंसी पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था।लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में इमरजेंसी पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा

कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल राव ने इस बारे में जानकारी दी।विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से की मुलाकात- के सी वेणुगोपाल ने बताया कि 'यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने के बाद इंडिया (INDIA) के घटक दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।जब कांग्रेस महासचिव से सवाल पूछा गया कि क्या राहुल गांधी ने ओम बिरला के समक्ष सदन में उठाए गए इमरजेंसी के मुद्दे पर बातचीत की? इसके जवाब में वेणुगोपाल ने कहा कि 'हमने सदन के संचालन को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की और इमरजेंसी के मुद्दे पर भी बात हुई।' विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद इमरजेंसी पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था। उन्होंने आगे कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था।

## संपादकीय Editorial

# In the grip of by-elections

How much thrill do by-elections cause, now every headline is about revenge. The fear of by-elections of three independents is that if there is no satisfaction, then new lions will come to the arena. The judges of democracy are different, there is no argument in the economy of voting. The voter of Himachal did not want to support in the heat of six by-elections first and now three by-elections, but the field of democracy has to be saved in the hope of rain. Who will come, who will lag behind, far away from this, the boasts of electoral intentions are on the horizon and it seems that the voter is being rubbed between the margins of the two major parties. Someone is threatening another by-election in six CPS cases, while someone is threatening by-election on the pending petition of nine MLAs. We have already warned in these columns that Himachal is now standing on the brink of political instability. One or two more wrong steps will trap us in the grip of unstable politics in such a way that then only elections, by-elections or seats of MLAs will change. Earlier this game was limited to local bodies only, but now neither the issues nor the purpose of elections are left. This is not a matter of the character of the opposition and the government, but also the inability of the society. What else can be expected from the side of itself that the society is handing over to the political leadership. In such a situation, the election campaign, type, episode, conspiracy and circumstances will definitely scare and if voting is done keeping in mind the language in which the apprehension of the next by-elections is being carved, then hardly anyone will win. If this contest is about language, then the arrogance of politics is changing the meaning of being in the society. Democratic faith and accountability is changing. The goal post is changing every time. Will the nine MLAs really go to the field now or is there no conclusion of this behavior in the book of the Constitution. Will the chair and seat of the six chief parliamentary secretaries go or will the sky vine of doubt that grew at the time dry up. Should the voter now start counting that the next fifteen assembly constituencies will come under the purview of by-elections. The voter sees his and the state's future in democratic relief and trust. The fault of the events pushed in the six plus three by-elections is also no less. Now, even going beyond where to start and where to end, if political arrogance is standing with the bow and arrow of the upcoming 'by-elections', then no one can save Himachal from political downfall. The surprising thing is that the reins of every election and by-election are prepared in such an environment where the dustbin of animosity, hatred and moral degradation decides. After all, when will we address the 'young Himachal'. Will we honor those people who wear the crown of achievements on the national stage. Even today, Himachali youth are earning name in the country as reputed doctors, engineers, IT professionals and in the service sector, but apart from them, the world of politics and elections is pampering the unemployed youth with publicity. Will the state become self-reliant due to these by-elections or suspected by-elections? Will the Pong Dam displaced people come to the island of Dehra by-election and get rehabilitated? Will the Nalagarh by-election improve the industrial environment of BBN? Will the Hamirpur by-election discuss the Bilaspur firing incident? I wish we could see this happening, but sadly these by-elections are now snatching away the peace and comfort of our concerns due to the fear of the next by-elections.

# For the first time in Nagaland, 33 percent reservation for women in local body elections

For the first time in this election, provision has been made for 33 percent reservation for women. Due to the strong opposition of local tribal organizations on the issue of women reservation and large scale violence, these elections could not be held for twenty years. Later, due to the signature and strict stand of the Supreme Court, the state government had to pass the Women's Reservation Bill. This election is being held under the supervision of the Supreme Court. Voting will be held for local body elections in the northeastern state of Nagaland on Wednesday, June 26, after about 20 years. But this is nothing new. The new thing is that for the first time in this election, provision has been made for 33 percent reservation for women. Due to the strong opposition of local tribal organizations on the issue of women reservation and large scale violence, these elections could not be held for twenty years. Later, due to the signature and strict stand of the Supreme Court, the state government had to pass the Women's Reservation Bill. This election is being held under the supervision of the Supreme Court. However, even now the most powerful Naga organization of the state, Eastern Naga People's Organization (ENPO) has appealed for boycott of this election. But this time the participation of women has increased a lot. It has appealed to the people of six eastern districts of the state not to participate in this election. It is relevant to mention here that in the recent Lok Sabha elections, not even a single vote was cast in six eastern districts due to the appeal of local organizations. The impact of the organization can be understood from this. State Election Commissioner TJ Long Kumar says - All preparations for peaceful voting have been completed. There were many legal hurdles and challenges in the way of elections. But now they have been removed. The Election Commissioner said that a total of 523 candidates are in the fray in this election. Earlier a total of 670 candidates had filed nominations. But 79 of them withdrew their names and the nomination papers of four were rejected due to incompleteness. 64 candidates have been elected unopposed even before the voting. Among these, the ruling Nationalist Democratic Progressive Party (NDPP) has the highest number of 45 candidates. Apart from this, there are seven candidates from BJP, five from Nationalist Congress Party (BJP), three from Congress, two from Naga People's Front and two independents. Out of the total 418 seats of 39 municipalities and municipal councils in the state, 112 seats are reserved for women. There is a municipal council in Kohima, Dimapur and Mokokchung and a municipal council in the rest. Security arrangements have been strengthened for fair and peaceful voting. For the first time in any election here, the responsibility of security has been given to the state police. According to the Election Commission, out of 530 polling stations in the state, 92 are general, 209 are sensitive and the rest are very sensitive. During the last two decades, there has been heavy violence in the state on this issue. In the year 2017, at least two people were killed in the violence on this issue and there was large-scale vandalism and arson. After that the elections were postponed. Due to the opposition of tribal organizations, then Chief Minister TR Zeliang had to resign from his post. That year, voting for urban body elections was to be held on February 1 in the state. On this occasion, the Naga People's Front (NPF) government led by TR Zeliang, in which BJP was also a partner, approved 33 percent reservation for women. But various Naga organizations started opposing it on a large scale. On the other hand, the women's organization Naga Mothers Association also remained adamant on the demand for reservation citing the decision of the Supreme Court. The conflict started on this. The situation became so uncontrollable that the army had to be deployed in the state and two people died in the violence. Finally, the Governor canceled these elections. In fact, in the year 2012, the Naga Mothers Association, in a petition filed in the Supreme Court, appealed to the court to direct the state government to provide 33 percent reservation to women in urban bodies. After a two-year long hearing, the Supreme Court gave a verdict in its favor in April last year. After this, respecting the decision of the Supreme Court, the government decided to hold elections for these elections. After that, the cabinet gave the green signal to 33 percent reservation for women. Political observers say that Nagaland is the first state in the Northeast where the provision of 33 percent reservation for women has been implemented in any election. Political parties in the state have often been accused of ignoring women. But now this election can set a new example.

# The sea will save future generations from diseases

According to scientists, the marine environment is an extraordinary storehouse of bioactive natural products, many of which are not found in terrestrial natural products. Marine organisms have naturally developed biochemical and specific physiological mechanisms to protect themselves, which include the production of bioactive compounds for purposes such as reproduction, communication and protection from predation, infection and competition. In Hindu Puranas, many types of stories have been given regarding the origin of the sea and it has been said that all types of gems come out of the sea. That is why it is also called "Ratnaakar". Not only gems, but the oceans of this earth are also treasures of countless and extremely useful medicines. According to the scriptures, the nectar that provides immortality and the poison that destroys life were obtained from the churning of the sea by the gods and demons. To discover the treasures inside the sea, the Government of India has launched the "Deep Sea Mission" which is not limited to mineral exploration but also includes the development of marine science and the discovery of flora and fauna and conservation of marine biodiversity etc. The Cabinet Committee on Economic Affairs, chaired by the Prime Minister, approved this proposal of the Ministry of Earth Sciences on 16 June 2021 with a budget of Rs 4077 crore for 5 years. The sea is an extraordinary storehouse of natural products - According to scientists, the marine environment is an extraordinary storehouse of bioactive natural products, many of which are not found in terrestrial natural products. Marine organisms have naturally developed biochemical and specific physiological mechanisms to protect their existence, including the production of bioactive compounds for purposes such as reproduction, communication and protection from predation, infection and competition. Due to the physical and chemical conditions in the marine environment, almost every class of marine organisms possesses a variety of molecules with unique structural features. There is amazing biological diversity in the sea - According to a research paper published in the journal 'Marine Drugs' on 25 May 2004, apart from chemical diversity, the sea is also a storehouse of amazing biological diversity. Out of the 34 basic phyla of life, only 17 phyla are found on land whereas 32 phyla are found in the sea. From the basic point of view of biodiversity, the ocean is much more diverse and in fact has immense possibilities for developing a natural pharmacy. According to the research paper, till now researchers have identified about 7000 marine natural products, of which 25 percent are from algae, 33 percent from sponges, 18 percent from coelenterates (sea whips, sea fans and soft corals), and 24 percent from representatives of other invertebrate phyla. Such as ascidians (also called tunicates), opisthobranch molluscs (nudibranchs, sea hares etc.), echinoderms (starfish, sea cucumbers etc.) and bryozoans (moss animals). "Because we humans live on land, that's where we've always looked," says organic chemist William Fenical, director of the Center for Marine Biotechnology and Biomedicine at the Scripps Institution of Oceanography in La Jolla, California. "But if you ask from the beginning, 'Where should we look?' the answer is always the ocean. Now we're there." More than 100 medicines have been made from the sea so far - Scientists believe that many life-saving drugs can be made from marine organisms in the future. Compounds derived from marine sources are now being tested as treatments for a variety of deadly diseases, including chronic pain, asthma and breast cancer. It turns out that slime is absolutely brilliant at making useful biochemicals. Research over the past several years in medicinal botany has given a major impetus to marine bioprospecting. More than 100 important medicines arise either as direct extracts or as synthetic reconstitution of plant molecules, including aspirin (from willow bark), digitalis (from the flowering herb foxglove), and linoleic acid (from the flowering herb foxglove). These include methylene blue (from seaweed), morphine (from opium poppy) and the anti-malarial drug quinine (from the bark of the cinchona tree). Cancer treatment drug made from algae - Researchers at the Central Salt and Marine Chemicals Research Institute (CSMCRI), Bhavnagar, have developed a method for synthesis of agar-aldehyde from a polysaccharide compound obtained from seaweed and then preparing a solid silver nanocomposite based on it. Researchers say that this method can produce cost-effective silver nanocomposites, which can be helpful in antibacterial coating, manufacturing of reactive materials and developing anti-cancer treatment. Medicines for the treatment of new diseases will be found in the sea - According to Harshad Malve's research paper "Exploring the Ocean for New Drug Developments: Marine Pharmacology" published in the April-June 2016 issue of the National Library of Science Journal, disease patterns are changing and new diseases are emerging due to the changing environment. The massive increase in the world's population has increased the burden on existing resources for medicines. So drug manufacturers are always looking for new resources to develop effective and safe medicines for the growing demands of the world's population. Seventy-five percent of the Earth's surface is covered by water, but pharmaceutical scientists have a long way to go to find new solutions for marine organisms. Research in marine science is limited and much of it still lies unexplored. The marine environment opens the door to the possibilities of countless and diverse resources for new drugs to combat major diseases like cancer or malaria. It also provides an ecological resource consisting of various aquatic plants and animals. These aquatic organisms are investigated for antibacterial, immunomodulatory, anti-fungal, anti-inflammatory, anticancer, antimicrobial, neuroprotective, analgesic and antimalarial properties. They are extensively used for new drug development across the world. Marine pharmacology has immense potential for research on these drugs of marine origin. There are few institutes in India that can contribute significantly in the discovery of new drugs. Actinobacteria as a medicinal gold mine - According to the research paper "Marine Actinobacteria as a Drug Treasure House" by Syed Samsul Hasan and Abdul Latif in the March 2017 issue of the scientific journal "Research Gate", marine actinobacteria are considered a gold mine due to the immense potential of their secondary metabolites. Most of the research now is done on the derived secondary metabolites of actinobacteria to investigate its medicinal properties. Actinobacteria have the potential to treat future important diseases, such as drug-resistant bacteria, cancer, a range of viral diseases, malaria, many infections and inflammation.

# युवकों ने की युवती को अगवा करने की कोशिश, विरोध पर मां-बाप और भाई को मारी गोली

मुरादाबाद। देर रात युवती को अगवा करने आए छह युवकों ने परिजनों के विरोध करने पर तीन लोगों को गोली मार दी। भाई, मां बाप घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों का हाल जानने डीआईजी भी जिला अस्पताल पहुंचे हैं। पीड़ित ने छह लोगों के खिलाफ़ तहरीर दी। जो की सभी गांव के ही रहने वाले है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के समधी शिवपुरी में बुधवार देर का मामला है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आई, जहां युवती के मां बाप का इलाज अस्पताल में जारी है। वहीं युवती के भाई की हालत नाजुक देख हेयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी मुनिराज जिला अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जानने के लिए पहुंचे हैं।

## युवती को अगवा करने की कोशिश, विरोध पर मां-बाप और भाई को मारी गोली, धमकी भी दे गए आरोपी

मुरादाबाद में नकाबपोश बदमाशों ने देर रात एक घर में घुसकर युवती को अगवा करने का प्रयास किया। परिजनों के जाग होने पर उन्होंने इसका विरोध कर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। इससे गुस्साए बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव में बुधवार देर रात करीब तीन बजे एक युवती को अगवा करने के लिए चार युवक तमंचों से लैस होकर घर में घुस गए। परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी। जिससे युवती के भाई, मां बाप गोली लगने से घायल हो गए।उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव निवासी ग्रामीण की बेटी को करीब एक साल पहले दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया था। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने युवती को बरामद कर परिजनों को सौंप दी।आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया था। इसके बाद ग्रामीण ने अपनी बेटी की शादी संभल के एक गांव में कर दी थी। आरोपी भी जेल से जमानत पर छूट गया था।

युवती के परिवार का कहना है कि बुधवार रात परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। रात करीब तीन बजे चार बदमाश चेहरे पर नकाब लगाकर घुसकर उन्होंने युवती की छोटी बहन को तमंचे के बल पर उठा लिया। उसे युवती के बारे में पूछताछ की। युवती ने शोर मचाया तो उसके मां बाप और भाई व बहन भी जाग गई। बदमाशों ने युवती को अगवा कर ले जाने की कोशिश की। परिवार के विरोध करने पर आरोपी ने तमंचे से युवती के भाई के सीने में गोली मार दी। इसके बाद युवती की मां और बाप को भी गोली मार दी। फायरिंग की आवाज से आस पड़ोस के लोग जाग गए। उन्होंने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो वह जंगल की ओर भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों घायलों को अस्पताल भेज दिया गया। युवती के भाई की हालत गंभीर है।

उसे रेफर कर दिया गया है।युवती की छोटी बहन ने बताया कि उसने एक बदमाश के चेहरे से नकाब खींच लिया था। युवती ने उसकी पहचान आरोपी युवक के तौर पर की है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पीड़ित परिवार व गांव वालों से पूछताछ की। उनका कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।

# जिले के नए डीएम अनुज सिंह ने संभाला चार्ज, जिला अस्पताल का किया दौरा, मरीजों से की बात

मुरादाबाद के नए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की जिले के बारे में जाना। इसके बाद जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मरीजों के बारे में जानकारी ली। कहा कि सरकार की तरफ से मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात की।

# गन्ने के खेत में मिला बच्चे का शव, कल दोपहर से था लापता...मौके पर पहुंचे DIG

मुरादाबाद- थाना मूंढापांडे इलाके में गुरुवार को एक बच्चे का शव गन्ने के खेत में मिला। बच्चा बुधवार दोपहर से लापता था। बच्चे की बॉडी मिलने की सूचना पर डीआईजी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की।मामला मूंढापांडे क्षेत्र के अक्का पांडे से जुड़ा हुआ है। 11 साल का आयुष बुधवार दोपहर दोपहर नहाने के लिए कह कर घर से निकला था। लेकिन, शाम तक जब वह घर नही पहुंचा तो उसके परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। इसकी सूचना थाना मूंढापांडे पुलिस को भी दे दी। रात भर तलाशने के बाद बच्चा परिजनों को नहीं मिल। गुरुवार सुबह किसी ने सूचना दी कि आयुष का शव पास गन्ने के खेत में पड़ा हुआ है। सूचना पर डीआईजी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और पूरे मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुला ली। डीआईजी ने इस घटना पर जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रात से हो रही बारिश से गिरा तापमान, गर्मी से मिली राहत

मुरादाबाद। बुधवार की रात से हो रही बारिश से तापमान में कमी आई। जिससे गर्मी से काफी राहत मिल गई है। गुरुवार सुबह धूप न निकलने से उमस भी कम है। अब मानसून की सक्रियता से बारिश का क्रम जारी रहने का अनुसार मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में कमी आई है। अधिकतम तापमान लुढ़क कर 32 डिग्री सेल्सियस हो गया है। सुबह से ही मौसम सुहाना हो गया है। अब लोगों को मानसून की बारिश में भीगने का अवसर मिल रहा है।बारिश के चलते महानगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति भी आ गई है। रामगंगा विहार कालोनी में सीवरेज पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढों में पानी भरने से काम रुक गया है। वहीं सड़क धंसने की आशंका भी लोगों को सता रही है। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि मानसून लगभग सक्रिय हो गया है।



### बीफ बर्गर का अफगानी कनेक्शन: अब मामले में अफगानिस्तानी नागरिक की हुई एंट्री; कहीं कोई बड़ी साजिश तो नहीं?

मुरादाबाद बुधवार को टीमों ने क्षेत्र में पहुंचकर लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसके बाद मामला अलग मोड़ लेते दिख रहा है।मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र स्थित अफगान कैफे में ग्राहकों को बीफ बर्गर परोसने के मामले की तह तक जाने के लिए एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। इस पूरे मामले के तार अफगानिस्तान से भी जुड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक व्यक्ति खुद को अफगानिस्तान का बता रहा है। उसने कैफे में ग्राहकों को परोसे जाने वाले व्यंजनों के बारे में जानकारी दी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि कहीं इसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं?बीफ बर्गर परोसने के मामले में पुलिस के अलावा एलआईयू और अन्य एजेंसियों ने भी जांच शुरू कर दी है। बुधवार को टीमों ने क्षेत्र में पहुंचकर लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसके बाद मामला अलग मोड़ लेता दिख रहा है। मुगलपुरा निवासी नावेद ने कुछ दिन पहले ही जामा मस्जिद-प्रिंस रोड पर अफगान नाम से कैफे खोला था।बीफ बर्गर परोसने के मामले में पुलिस के अलावा एलआईयू और अन्य एजेंसियों ने भी जांच शुरू कर दी है। बुधवार को टीमों ने क्षेत्र में पहुंचकर लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसके बाद मामला अलग मोड़ लेता दिख रहा है। मुगलपुरा निवासी नावेद ने कुछ दिन पहले ही जामा मस्जिद-प्रिंस रोड पर अफगान नाम से कैफे खोला था।

## बच्चों की परेशानी समझकर उनका हौसला बढ़ाएं अभिभावक, रहें सतर्क

मुरादाबाद। महानगर के मानसिक रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि अगर आपका बच्चा भी दूसरे शहर में पढ़ाई या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है तो ज्यादा सतर्क रहें। बच्चों से फोन पर संपर्क के दौरान उनकी बातों में गुस्सा, उदासी, चिड़चिड़ापन, मायूसी जैसे संकेत दिखें तो नजरअंदाज न करें। इस बीच उनके दोस्तों से भी संपर्क रखें, जिससे पता चल सके कि कहीं आपके बच्चे की जिंदगी में कोई परेशानी में तो नहीं है। यदि ऐसा हो तो बच्चों से खुलकर बात करें और समझाएं कि कोई समस्या, कोई व्यक्ति या कोई परीक्षा जिंदगी से बढ़कर नहीं है।पिछले काफी दिनों से महानगर के मानसिक रोग विशेषज्ञों के पास दूसरे शहरों में पढ़ाई करने वाले बच्चों के डिप्रेशन के मामले लगातार आ रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा यूपीएससी व नीट वाले हैं। महानगर में पिछले दिनों दो शिक्षण संस्थानों में दो आत्महत्या के मामले हो चुके हैं। ऐसे में हैं। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की भी आपका बच्चा शहर के बाहर पढ़ रहा है तो बच्चों से से संपर्क बनाएं। इससे तनाव की स्थिति में भी बच्चे अगर आप अपने बच्चें की परेशानी समझकर उसका है।कोटा से बेटे को वापस ले आए पिता- महानगर के परिवार का 20 वर्षीय बेटा कोटा में रहकर नीट की वह डिप्रेशन में आ गया। फोन पर बातचीत के दौरान गए। दोस्तों ने बताया कि पूरा दिन कमरे में बंद रहने मुरादाबाद ले आए। मानसिक रोग विशेषज्ञ ने बताया अभिभावक दिल्ली पहुंचे तो रोने लगा बेटा- थाना का बेटा तीन साल से दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा लेकिन अचानक उसने माता-पिता का फोन नहीं उठाया। इस पर अभिभावकों ने छात्र के दोस्तों से बात की पता चला कि वह कुछ दिन से क्लास में चुप बैठा रहता है। ग्रुप स्टडी में भी शामिल नहीं होता। यह स्थिति भांपकर अभिभावक दिल्ली पहुंचे तो बेटा उनसे को लिपटकर रोने लगा। अभिभावक उसे मुरादाबाद ले आए। जिसके बाद मानसिक रोग विशेषज्ञ से उसका इलाज चल रहा है। छात्रों के आत्महत्या के मामले पढ़ाई का प्रेशर और लव अफेयर के कारण सामने आ रहे हैं। आत्महत्या रोकने में माता-पिता और दोस्त ही सहायक हो सकते हैं। बच्चों को भी एक दूसरे के माता-पिता से संपर्क में रहना जरुरी है। जिससे परेशानियां साझा हो सकें। बाहर पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को उनसे मिलने जरूर जाना चाहिए। -डॉ. नीरज गुप्ता, मानसिक रोग विशेषज्ञ अगर कोई छात्र व छात्रा आत्महत्या करता है तो वह एक दिन में नहीं होती। यह ख्याल मन में कई दिन से चल रहा होता है। दोस्तों व माता-पिता को इसके संकेत समझकर समय रहते बातचीत करते रहना चाहिए। अगर आप के बच्चें में कुछ परेशानी दिखे तो उसे नजर अंदाज न करे।- डॉ. दिशांतर गोयल, मानसिक रोग विशेषज्ञ

मानसिक रोग चिकित्सक इन मरीजों को गंभीरता से ले रहे काउंसिलिंग कर रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर अभिभावक हर 40 से 45 दिन में मिलने जाएं। उनके दोस्तों को आत्महत्या जैसे गलत ख्यालों से बचाने में मदद मिलेगी। हौसला बढ़ाएंगे तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रामगंगा विहार में रहने वाले तैयारी कर रहा है। दो साल से उसका चयन नहीं हो पाया तो पिता को स्थिति ठीक नहीं लगी तो वह उससे मिलने पहुंच लगा है। लाइब्रेरी में आना भी छोड़ दिया है। पिता उसे वापस कि छात्र अवसाद में है। उसका इलाज शुरू कराया गया है। गलशहीद क्षेत्र के हरपाल नगर में रहने वाले वाले परिवार की तैयारी कर रहा था। माता-पिता से रोज बात होती थी,

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## टीएमसी विधायकों को शपथ लेने से नहीं रोक सकते राज्यपाल, ममता बनर्जी का सीवी आनंद बोस पर निशाना

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दो नव-निर्वाचित विधायक विधानसभा में ही शपथ ग्रहण समारोह पर अड़े हैं। उधर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि राज्यपाल के पास विधायकों को शपथ ग्रहण से रोकने का कोई अधिकार नहीं है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इस लेकर टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर निशाना साधा है। ममता बनर्जी का राज्यपाल पर निशाना- ममता बनर्जी ने कहा कि राज्यपाल के पास शपथ ग्रहण प्रक्रिया को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। इसके साथ ही टीएमसी प्रमुख ने कहा कि उन्हें एक महिला से कुछ शिकायतें मिलीं हैं। महिला ने दावा किया है कि कुछ घटनाएं सामने आने के बाद उन्हें राजभवन जाने में असुरक्षित महसूस होता है। ममता बनर्जी ने कहा 'एक महीना बीतने को है लेकिन मेरी पार्टी के विधायकों सायंतिका बंदोपाध्याय और रेयात हुसैन सरकार शपथ नहीं ले पा रहे हैं। राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण में बाधा डाली जा रही है। विधायकों को जनता ने चुना है ना कि राज्यपाल ने। राज्यपाल के पास विधायकों को शपथ लेने से रोकने का कोई अधिकार नहीं है।' विधानसभा अध्यक्ष को अधिकृत करें राज्यपाल'- ममता बनर्जी ने कहा कि हर किसी को राजभवन जाने की क्या आवश्यकता है? राज्यपाल द्वारा विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शपथ ग्रहण के लिए अधिकृत किया सकता है। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि कुछ महिलाओं द्वारा जानकारी दी गई है कि हाल ही में घटी कुछ घटनाओं की की वजह से उन्हें राजभवन जाने में डर लगता है। आपको बता दें कि कुछ समय पहले राजभवन में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया था कि उनके साथ छेड़छाड़ की

## वोक्कालिगा महंत ने सिद्धरमैया से पद छोड़ने की अपील की, कहा- शिवकुमार को सौंपी जाए सत्ता

विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने बेंगलुरू के संस्थापक केम्पेगौड़ा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई।सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एक महंत ने सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को सत्ता सौंपने का आग्रह किया। महंत की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब सिद्धरमैया मंत्रिमंडल में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग बढ़ रही है। मांग की जा रही है कि वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों से एक-एक

उपमुख्यमंत्री बनाया जाए।विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने बेंगलुरू के संस्थापक केम्पेगौड़ा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से हैं। यह समुदाय राज्य के दक्षिणी भागों में एक प्रमुख समुदाय है।चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने कहा, राज्य में हर कोई मुख्यमंत्री बन गया है और सत्ता का सुख सभी ने भोगा है, लेकिन हमारे डी के शिवकुमार अभी तक मुख्यमंत्री नहीं बन पाए हैं, इसलिए अनुरोध है कि सिद्धरमैया कृपया हमारे डी के शिवकुमार को सत्ता सौंप दें और उन्हें आशीर्वाद दें। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सिद्धरमैया अगर मन बना लें तो ही यह संभव है, अन्यथा नहीं, इसलिए नमस्कार के साथ मैं सिद्धरमैया से अनुरोध करता हूं कि वह डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाएं।सिद्धरमैया ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में महंत की अपील पर पूछे गए सवाल पर कहा, कांग्रेस में आलाकमान होता है और जो भी आलाकमान कहेगा, हम उसका पालन करेंगे। शिवकुमार ने कहा, बातें कही जा चुकी हैं... हम दोनों (वह और सिद्धरमैया) राज्य की परियोजनाओं (केंद्र से स्वीकृति लंबित) के संबंध में राज्य के सांसदों से चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जा रहे हैं।

## स्वर्ण मंदिर में योग को लेकर फैशन डिजाइनर को धमकी, अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी

वडोदरा की एक फैशन डिजाइनर को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गुरुवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। फैशन डिजाइनर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर में 21 जून को योग करने के बाद से आपराधिक मामले का सामना कर रही हैं। ताजा वीडियो में अर्चना मकवाना ने कहा कि एसजीपीसी की ओर से मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है। मंदिर में कहीं भी यह नहीं लिखा था कि इस तरह के काम की अनुमति नहीं है। मैं पहली बार वहां गई थी। अगर मुझे बताया गया होता तो मैं उन तस्वीरों को तुरंत हटा देती। एसजीपीसी डिजाइनर और सोशल मीडिया मकवाना ने एक ताजा वीडियो मकवाना ने कहा कि उन्होंने कुछ और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंध को उनके खिलाफ धार्मिक शिकायत वापस लेनी चाहिए। मुकदमा- एक अधिकारी ने में उनकी शिकायत के आधार (आईपीसी) की धारा 507 आपराधिक धमकी) के तहत पुलिस थाने में एक प्राथमिकी पुलिस ने इस मामले को रखा है। इसलिए राज्य के गृह

ने दर्ज कराई शिकायत- इंफ्लुएंसर अर्चना बयान जारी किया। इसमें भी गलत नहीं किया है समिति (एसजीपीसी) भावनाएं आहत करने की करेलीबाग थानें दर्ज हुआ बताया कि धमकी के बारे पर भारतीय दंड संहिता (गुमनाम संचार द्वारा बुधवार रात करेलीबाग दर्ज की गई। उन्होंने कहा, संवेदनशील श्रेणी में विभाग की वेबसाइट पर प्राथमिकी को जनता नहीं देख सकती है। %तस्वीरें वायरल होने के बाद मिली धमकी- पुलिस उपायुक्त पन्ना मोमाया ने कहा, उन्होंने (अर्चना मकवाना) ने दावा किया कि स्वर्ण मंदिर में उनके शीर्षासन करने की तस्वीरें वायरल होने के बाद अज्ञात लोगों ने ईमेल, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए उन्हें जान से मारने की धमकी। प्राथमिकी में किसी संदिग्ध का नाम शामिल नहीं है। मंदिर के परिक्रमा पथ पर किया था योग- मकवाना 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वर्ण मंदिर पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने परिक्रमा पथ पर योग किया था। उनके योग करने की तस्वीरें जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। दो दिन बाद एसजीपीसी ने उनके खिलाफ कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं आहत करने की शिकायत दर्ज कराई और पंजाब पुलिस ने संबंधित धाराओं में मकवाना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद मकवाना ने वीडियो जारी कर यह कहते हुए माफी मांगी कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। वडोदरा पुलिस ने अर्चना को सुरक्षा प्रदान की- इसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। फिर 24 जून को वडोदरा पुलिस ने उन्हें सुरक्षा प्रदान की। सोशल मीडिया पर जारी ताजा वीडियो में मकवाना ने एसजीपीसी से अपने खिलाफ शिकायत वापस लेने को कहा है। ताजा वीडियो में अर्चना मकवाना ने क्या कहा- वीडियो में मकवाना ने कहा, जब मैंने यो किया तब हजारों सिख श्रद्धालु वहां मौजूद थे। यहां तक कि मेरी तस्वीरें क्लिक करने वाला व्यक्ति भी सिख था और मंदिर के सेवादारों ने उसे नहीं रोका। वहां मौजूद और मुझे योग करते देख रहे लोगों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची। इसलिए मेरा मानना है कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा, समस्या तब शुरू हुई जब भारत के बाहर कुछ लोगों ने उनकी तस्वीरें वायरल करते हुए कहा कि उनके कृत्य से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार: अर्चना मकवाना- उन्होंने कहा, मेरा इरादा बुरा नहीं था। एसजीपीसी की ओर से मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है। मंदिर में कहीं भी यह नहीं लिखा था कि इस तरह के काम की अनुमति नहीं है। मैं पहली बार वहां गई थी। अगर मुझे बताया गया होता तो मैं उन तस्वीरों को तुरंत हटा देती। मैं चाहती हूं कि एसजीपीसी अपनी प्राथमिकी वापस ले। वरना मैं और मेरी कानूनी टीम इस मुकदमे को लड़ने के लिए तैयार हैं।

## विदेशी राजदूतों ने की राष्ट्रपति के अभिभाषण की तारीफ, कहा- आर्थिक ताकत के रूप में विकसित होगा भारत

संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण को सुनने के लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधि संसद पहुंचे। विदेशी राजदूतों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की तारीफ की और उसे बहुत शानदार बताया। संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण की गुरुवार को विदेशी राजदूतों ने तारीफ की। डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने अभिभाषण को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि उनका देश भारत को एक मजबूत आर्थिक ताकत के रूप में विकसित होते देखने के लिए उत्सुक है।संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण के बारे में पूछे जाने पर स्वेन ने कहा, यह शानदार था। यहां क्या किया जाना है, इसको लेकर एक लंबा एजेंडा है। हम भारत को इस दुनिया की एक मजूबत आर्थिक शक्ति के रूप में बढ़ते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। यह एक बहुत बड़ी बात है। राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण को सुनने के लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधि संसद पहुंचे। इस्त्राइल के राजदूत नोर गिलन, सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग और अन्य देशों के राजदूत संसद पहुंचे। अधिकारियों ने संसद पहुंचने पर राजनयिकों का स्वागत किया। अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि आगामी संसद सत्रों में प्रमुख आर्थिक और सामाजिक फैसलों और ऐतिहासिक कदमों का एलान केंद्रीय बजट के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा, देश में छह दशक बाद पूर्ण बहुमत के साथ एक स्थिर सरकार बनी है। लोगों ने तीसरी बार इस सरकार में भरोसा दिखाया है। लोग जानते हैं कि केवल यह सरकार ही उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। 18वीं लोकसभा कई मायनों में ऐतिहासिक है। इस लोकसभा का गठन अमृतकाल के शुरुआती वर्षों में हुआ था। यह लोकसभा देश के संविधान को अंगीकार किए जाने के 56वें वर्ष की गवाह भी होगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, आगामी सत्रों में यह सरकार इस कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है। ये बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्योन्मुखी दृष्टि का प्रभावी दस्तावेज होगा। बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ-साथ इस बजट में कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। डेनमार्क के राजदूत ने संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण को शानदार बताया और कहा कि उनका देश भारत को दुनिया में एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित होते हुए देखने के लिए उत्सुक है। स्लोवाकिया के राजदूत रॉबर्ट मैक्सियन ने कहा, आज राष्ट्र के भाषण को सुनना सौभाग्य की बात थी। हम अपने व्यापार और निवेश को बढ़ाकर भारत के साथ अपने सहयोग को और गहरा करना चाहते हैं। वहीं, फिलीपींस के राजदूत जोसेल फ्रांसिस्को ने कहा, हमें बहुत गर्व है कि राष्ट्रपति ने भारत के साथ हमारी ब्रह्मोस परियोजना का जिक्र किया, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। 75वां साल है और भारत व फिलीपींस के संबंध बहुत अच्छे चल रहे हैं।

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिसमें स्वास्थ्य प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए उपस्थित संबंधित अधिकारी व डॉक्टरों से

